छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक : 3267 /2868/2023/18 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18/05/2023

प्रति,

1. **समस्त आयुक्त,**
   नगर पालिक निगम,
   छत्तीसगढ़।

2. **समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
   नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत,
   छत्तीसगढ़।

विषय :— नगरीय निकायों में पदोन्नति के रिक्त पदों की पूर्ति।

—00—

नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक दिनांक 20.04.2023 एवं 21.04.2023 को माननीय मंत्रीजी द्वारा निर्देश दिये गए कि स्थानीय नगरीय निकाय में पदोन्नति के काफी पद रिक्त हैं। जिन पर निकायों द्वारा पदोन्नति की कार्यवाही नहीं की गई है, जो प्रशासनिक दृष्टि से उचित नहीं है। समस्त निकायों को निर्देशित किया जाता है कि आपके निकाय अन्तर्गत पदोन्नति के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तत्काल विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित कर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जावे। जिन प्रकरणों पर शासन की पुष्टि आवश्यक है उनके पूर्ण प्रस्ताव तैयार कर नियमानुसार संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास के माध्यम से शासन को भिजवाना सुनिश्चित करें।

इन निर्देशों के बावजूद यदि पदोन्नति की कार्यवाही नहीं की जाती है तो संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। नगरीय निकायों की आगामी समीक्षा बैठक में पदोन्नति के संबंध में समीक्षा की जाएगी।

18/05/2023
(दानिएल एक्का)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

निरन्तर ....

पृ. क्रमांक : 3208 /2868/2023/18 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18/05/2023

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. निज सहायक, माननीय मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग।

2. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर।

3. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़।

4. समस्त महापौर, नगरीय प्रशासन एवं विकास।

5. समस्त अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत।

6. प्रोग्रामर, डाटा सेन्टर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रावती भवन की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

7. गार्ड फाईल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

18/05/2023
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग